## निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया

**भुसावर भरतपुर** (निस)। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से जिला अंधता निवारण समिति व शंकरा आई हॉस्पीटल जयपुर के सहयोग से प्रकाश चंद मित्तल सेठो की हवेली भुसावर की स्मृति में कस्बे की राधाकृष्ण धर्मशाला में ग्यारवां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लैन्स प्रत्यारोपण शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर की डॉ. अपूर्वा एवं शाखा संरक्षक देवकीनंदन सोनी व चंद्रप्रकाश आर्य द्वारा भारत माता व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा का संकल्प मोतियाबिन्द मुक्त हो भुसावर क्षेत्र को साकार करने की दिशा में शिविर लगाया गया। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की चिकित्सकीय टीम डा. अपूर्वा, क्षमा, अन्नू, अरविन्द व इंचार्ज शुभम द्वारा 40 वर्ष या उससे अधिक उम्र के कुल 123 रोगियों की जांच कर 54 रोगियों का आपरेशन के लिए चयन किया गया। चयनित रोगियों को आधुनिक तकनीक द्वारा शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर में नि:शुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए रवाना किया गया। रोगियों के भोजन, आवास एवं परिवहन की सुविधा नि:शुल्क रहेगी तथा आपरेशन होने वाले रोगियों को नि:शुल्क दवाईयां व चश्मे भी दिए जाएंगे।

# जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई कर सुने आमजन के परिवाद

- जनसुनवाई के दौरान जयपुर से मुख्य सचिव एवं सम्बंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े तथा आमजन के परिवाद सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारित करते हुए राहत पहुंचाने के निर्देश दिए



जिला स्तरीय जनअभाव अभियोग निराकरण समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को डीओआईटी के वीसी कक्ष में आयोजित की गई।

**भरतपुर** (निस)। जिला स्तरीय जनअभाव अभियोग निराकरण समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को डीओआईटी के वीसी कक्ष में जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जनसुनवाई में 40 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें 7 प्रकरण विजिलेंस में दर्ज किये गये। जनसुनवाई के दौरान जयपुर से मुख्य सचिव एवं सम्बंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े तथा आमजन के परिवाद सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारित करते हुए राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सड़क, पेयजल, अतिक्रमण, भूमि विवाद, पट्टा प्रकरण, अवैध निर्माण कार्य, आधार करेक्शन पेयजल एवं विद्युत चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग से सम्बंधित विभिन्न परिवेदनाओं का संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों को संवेदनशीलता से लेते हुए समस्याओं का अंतिम रूप से निस्तारण कर परिवादी की संतुष्टि के बाद ही प्रक्रिया को ड्रॉप करें।

जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले परिवादों का भी अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग कर निस्तारित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं एवं विभागीय योजनाओं की पात्रता के आधार पर आमजन को सभी अधिकारी स्वप्रेरित होकर लाभान्वित करें।

जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों में जलभराव के प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर पानी निकासी के साथ अतिक्रमणों को चिन्हित कर हटाते हुए पानी भराव की समस्या का स्थाई समाधान करें। उन्होंने विद्युत एवं पेयजल कनेक्शन जारी करने सम्बंधी प्रकरणों में अविलम्ब कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर नगर विकास न्यास सचिव ऋषभ मण्डल, जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, घना निदेशक मानस सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, सहायक निदेशक लोक सेवाएं भारती भारद्वाज, नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से उपखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सतानंद महाराज का अभिनंदन किया



करौली प्रवास पर आये सतानंद ही महाराज का सम्मान करते हिंदु समाज के प्रमुख लोग।

**करौली**(नि.स.)। व्यास पीठ के गौरव श्री सतानंद जी महाराज बालोतरा बाड़मेर वालो के करौली आगमन पर सर्व हिंदू समाज के प्रमुख लोगों द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। बुधवार को करौली शहर के वजीरपुर गेट बाहर स्थित आदर्श विद्या मंदिर रामद्वारे मे सर्व हिंदू समाज के प्रमुख लोगों द्वारा विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया, आरएसएस के प्रमुख देवीसिंह बदनपुरा,विश्व हिंदू परिषद के चैरजी सिंह, अग्रवाल समाज के रिद्धि चंद्र बंसल, आरएसएस के केसर सिंह नरूका, गोपाल शर्मा, श्री गोमती दास जी महाराज मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल शर्मा, सीताराम शर्मा एडवोकेट, वैध नरेश वैष्णव,विद्या वैष्णव,शांतनु पाराशर, ललित हरदेनिया, पूर्व पार्षद राजेंद्र सारस्वत सहित दर्जनो सर्व हिंदू समाज के प्रमुख लोगों द्वारा व्यास पीठ के गौरव श्री सतानंद जी महाराज के आगमन पर पुष्प वर्षा कर कर अभिनंदन किया गया इस मौके पर सर्व हिंदू समाज के प्रमुख लोगों द्वारा महाराज श्री का पुष्पमाला और शौल उड़ाकर एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया इस मौके पर अभिनंदन कार्यक्रम का विपिन शर्मा द्वारा मंच संचालन किया गया जिनके द्वारा महाराज श्री का सर्व हिंदू समाज के प्रमुख लोगों का परिचय कराया गया। इस मौके पर महाराज श्री द्वारा अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित सर्व समाज के प्रमुख लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लव जिहाद और बफ्फ बोर्ड को मिलाकर सर्व हिंदू समाज को विरोध प्रकट करने के लिए आगे आना चाहिए और सनातन बोर्ड का गठन होना आवश्यक है जिसके लिए प्रत्येक हिंदू समाज वर्ग के लोगों को आगे आना चाहिए और हिंदुत्व के लिए कार्य करना चाहिए इस अवसर पर महाराज श्री के आगमन पर हिंदू स्वाभिमान यात्रा का निर्णय लिया गया जो आगामी दिनों में महाराज श्री के सानिध्य में हिंदू स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी।

### वार्डसभा एवं ग्रामसभा का आयोजन 23 को

**करौली**(नि.स.)। जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया है कि 23 नवम्बर को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निकायों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वार्डसभा, ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद करौली को समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामसभाओं का आयोजन, आयुक्त नगरपरिषद करौली, हिण्डौन एवं अधिशाषी अधिकारी सपोटरा, टोडाभीम, मंडरायल शहरी क्षेत्रों में वार्ड सभाओं का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना के अनुसार ग्राम सभा व वार्ड सभा के पर्यवेक्षण रिपोर्ट संबंधित अधिकारी ई-मेल पर एवं संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीयों को भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को नियुक्त कर निर्वाचन विभाग के निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

### अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय भरतपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वावधान में तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. भरत भूषण सहायक आचार्य वनस्पति शास्त्र के द्वारा जैव विविधता विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। व्याख्यान अंतर्गत प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रजातिय जैव विविधता तथा पारिस्थिति की तंत्र को प्रजेन्टेशन के माध्यम से समझायागया। एनएसएस प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी दीवान सिंह ने स्वयंसेविकाओं को समस्त गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ नटवर सिंह ने एक्यूप्रेशर थैरेपी एवं हेल्थ फिटनेस के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी अंशु गुप्ता ने स्वयंसेविकाओं कों होने वाली नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी निशांत सिंह चौहान ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएँ उपस्थित रहीं।

### लोक अदालत का आयोजन आज

**करौली** (नि.स.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर से प्राप्त निर्देशानुसार राजस्थान उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालयों के बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 13 दिसंबर को आयोजित होने के कारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिक कुशल और बेहतर तरीके से आयोजित किए जाने को दृष्टिगत रखते हुए चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत आज शुक्रवार को आयोजित कि जायेगी।

## 'सीखी गई दक्षताओं को जीवन में उतारें स्काउट व गाइड'

**करौली** (नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में द्वितीय तृतीय सोपान शिविर का शुभारंभ फ्लैग के साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डुकावली में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर इंद्रराज मीणा ने स्काउट गाइड का आहान किया की अपने जीवन में सेवा परोपकार दया एवं राष्ट्र भक्ति की भावना को जागृत करें उन्होंने प्रकृति से जुड़ाव व मूक प्राणियों के संरक्षण और विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को मिटाने हेतु लोगों को प्रेरित करने हेतु स्काउट व गाइड को कार्य करने को कहा। सचिव स्थानीय संघ मुकेश सारस्वत ने बताया कि 18 नवंबर से शुरू हुआ द्वितीय तृतीय सोपान शिविर 22 नवंबर को समाप्त होगा जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डुकावली,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सकरघटा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ऊंचा गांव, सरस्वती बाल विद्या मंदिर सकरघटा,आशुतोष विद्या मंदिर सहित पीईईओ परिक्षेत्र के 200से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। बच्चों को दक्ष प्रशिक्षक दौसा से राम अवतार शर्मा, एडवांस स्काउटर गणेश चंद शर्मा सपना सारस्वत,देवेंद्र कुमार जांगिड़, राधा मोहन गुर्जर प्रशिक्षण दे रहे हैं । आर पी रविंद्र रावत ने कहा की मासलपुर ब्लॉक में स्काउट गाइड की गतिविधियां प्रत्येक विद्यालय में अनिवार्य रूप शुरू की जाएगी एवम हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व सभी अतिथियों का स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य हीरालाल बेरवा द्वारा स्काउट रीति से स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया।

# जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किए





राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एसएमएस स्टेडियम जयपुर में 16-17 नवम्बर को आयोजित हुई।

**कामां भरतपुर** (निस)। एसएमएस स्टेडियम जयपुर में 16-17 नवम्बर को आयोजित हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कामां क्षेत्र के युवाओं ने परचम लहराते हुए अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कामां क्षेत्र के 13 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीतकर अपना व अपने परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कामां से संगम गुर्जर, सोनू गुर्जर, महेश कनवाड़ा, गौरव चौधरी, देवेश कनवाड़ा, रामचरण अकबरपुर, अरुण चौधरी, विष्णु घाटा, शिवचरण मोरोली, लोकेश घाटा साथ ही महिला खिलाडियों में अन्नू गुर्जर कामां, ज्योति कुमारी भरतपुर, शालिनी भरतपुर व सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले सौरभ भरतपुर, अरुण, विष्णु घाटा ने अपनी पहचान बनाई। संगम गुर्जर कामां ने बताया कि कामां क्षेत्र के 13 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों पर हम सभी को गर्व है और हम अपने क्षेत्र के उस प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं में भाग लेकर विजय हासिल कर अपना व क्षेत्र का नाम रोशन करता है और किया है। उस प्रतिभाशाली पर हमें बहुत गर्व महसूस होता है।

# कार्य योजना को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**करौली** (नि.स.)। जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर देवनारायण बालिका छात्रावास करौली में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय कार्य योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई सहायक निदेशक रिंकी किराड़ ने बताया है कि बैठक में बाल संरक्षण सप्ताह का समापन किया गया। बैठक में यूनिसेफ संजय निराला चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट एवं एक्शनएड से सिओन किंगोरी रिजलन मैनेजर एवं रिंकी किराड़ सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग, शरद त्रिपाठी जिला युवा अधिकारी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा, फजले अहमद सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में यूनिसेफ एक्शन एड जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि जिले में बाल विवाह, बाल श्रम मुक्त अभियान को लेकर आमजन के साथ सरकारी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित बाल विवाह प्रतिषेध कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें को बाल विवाह अधिनियम के प्रावधान दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए बाल श्रम की रोकथाम, बाल तस्करी, बाल शोषण, भिक्षावृति की रोकथाम को लेकर किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी साथ ही बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के जिला स्तरीय कार्य प्लान बनाकर क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया गया। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि जिलें में लगातार यूनिसेफ एक्शनएड द्वारा बाल अधिकार संरक्षण को लेकर कार्य किया जा रहा है। लेकिन अभी भी जिलें में अभी ओर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। सदस्य फजले अहमद ने बाल अधिकारों को लेकर प्रकाश डाला, श्रम निरीक्षक माधव गोस्वामी द्वारा जिलें में बाल श्रम की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। मानव तस्करी विरोधी यूनिट के रवि कुमार ने बताया है कि भिक्षावृति की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पीसीपीएनडीटी सेल प्रभारी ने भी अपने अनुभव शेयर किये, महिला अधिकारिता विभाग के सीमा ने बताया है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया कि जिले में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक द्वारा यूनिसेफ एक्शन एड के साथ मिलकर बाल विवाह एवं बाल श्रम अभियान मुक्त अभियान के तहत सभी गांव एवं बस्तियों में जन जागरूकता बैठके शिविर आदि का आयोजन कर आम जनों को इसकी रोकथाम के संबंध में प्रेषित कर रहे हैं, जिले में अभी भी बाल श्रम एवं बाल विवाह समाप्त नहीं हुआ है ऐसे में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ इस पर और अधिक मेहनत करके इस कार्य को आगे बढ़ाया जाना आवश्यक है यूनिसेफ के संजय निराला ने बताया कि जिले में यूनिसेफ की ओर से बाल संरक्षण को लेकर कार्य किया जा रहे है।

## 400 किसानों को मिलेगा नि:शुल्क जिप्सम

**करौली** (नि.स.)। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीडी शर्मा ने बताया कि भूमि सुधार कार्यक्रम अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में एक किसान को मिट्टी जॉच सिफारिश ळ.त्. टंसनम जिप्सम आवश्यकता के आधार पर 0.5 हैक्टर जमीन के लिए अधिकतम 1.5 मै. टन जिप्सम नि:शुल्क एक कृषक को उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि किसान अपने खेत की मिट्टी नमूना क्षेत्रीय कृषि पर्यवेक्षक को विवरण सहित दे दे। 5 रूपये एक नमूना को जॉचने का शुल्क है। जॉच रिपोर्ट जिप्सम आवश्यकता सिफारिश प्राप्त करने के बाद किसान भाई राजकिसान साथी-सुविधा ऐप पर जिप्सम मांग अपलोड कर देवें। विभागीय चैनल के अनुसार जिप्सम मांग आपूर्तिकर्ता को पहुॅचाई जायेगी, जो केवीएसएस, जीएसएस के माध्यम से किसान को उपलब्ध कराई जावेगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन एवं गेहूॅ योजना में एक किसान को एक हैक्टर क्षेत्र के लिए जिप्सम 250 किलो 5 बैग प्रति हैक्टर 50 प्रतिशत अनुदान पर यानि की कुल कीमत 900 रूपये जिप्सम अनुदान राशि 450 रूपये एवं कृषक हिस्सा राशि 450 रूपये में उपलब्ध कराया जावेगा। जिप्सम मांग राजकिसान ऐप के माध्यम से ऑनलाईन किसान द्वारा भिजवायी जावेगी। एक किसान को अधिकतम 2 हैक्टर का अनुदान देय है।

# मल्लखंभ में यूएसए को हरा इंडिया टीम चैम्पियन बनी





राष्ट्रीय मल्लखंभ सीनियर जूनियर एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे विजेता खिलाडी ।

**भरतपुर** (निस)। मल्लखंभ फैडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से विलासपुर छत्तीसगढ के बहतराई खेल स्टेडियम में 5 दिवसीय राष्ट्रीय मल्लखंभ सीनियर जूनियर एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें आखिरी दिन 17 से 18 नवम्बर दो दिन अंतर्राष्ट्रीय मल्लखंभ चैम्पियनशिप केक मुकावले टीम इंडिया बनाम अमेरिका की टीम के बीच हुआ जिसमें भारतीय टीम के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यू.एस.ए. (अमेरिका) को हराकर इंडिया टीम ने चैम्पियनशिप के खिताब पर कब्जा जमाया और भारतीय दल को स्वर्णपदक दिलाकर गौरवान्वित किया। राजस्थान दल के साथ गये डॉ. रमेश इंदौलिया ने बताया कि राष्ट्रीय मल्लखंभ जूनियर एवं सीनियर पुरूष महिला प्रतियोगिता में आये सभी राज्यों के खिलाडियों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम का चयन किया चयनित भारत की टीम के खिलाडियों का रैस्ट ऑफ वर्ल्ड टीम अमेरिका की टीम के साथ मुकावले में भारतीय दल ने जीत दर्ज कर चैम्पियनशिप के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया। भारतीय टीम में भरतपुर-राजस्थान के अंडर 14 वर्ष वॉयज में हेमन्त, अंडर 16 में रोहित सिंह, अंडर 14 गर्ल्स में गीत चौधरी एवं सीनियर महिला में मनीषा शर्मा का चयन होने पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट खेल कौशल से इंडिया मल्लखंभ में रैस्ट ऑफ बर्ल्ड चैम्पियन बना। डॉ रमेश इंदौलिया ने बताया कि रैस्ट ऑफ बर्ल्ड मल्लखंभ विजेता दल के सभी खिलाडी यूएसए अमेरिका में आयोजित बर्ल्ड मल्लखंभ चैम्पियनशिप में भाग लेंगे, प्रतियोगिता बर्ल्ड मल्लखंभ चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई टूर्नामेंट के रूप में खेला गया। डॉ इन्दौलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भरतपुर-राजस्थान से चयनित खिलाडी हेमन्त, रोहित, गीत चौधरी एवं मनीषा शर्मा सभी भरतपुर की खेलो इंडिया मल्लखंभ एकेडमी के नियमित 6 घंटे सुबह सांय अभ्यास करने वाले खिलाडी हैं और भविष्य में मल्लखंभ खेल ओलम्पिक खेलों में शामिल होगा तो भरतपुर के खिलाडी ओलम्पिक दल में भी अपना भरतपुर का नाम गौरवान्वित करेंगे। छत्तीसगढ में सम्पन्न राष्ट्रीय मल्लखंभ प्रतियोगिता में राजस्थान की सीनियर एवं जूनियर टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीनियर पुरूष/महिला मिक्स पिरामिड में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता वहीं जूनियर छात्र/छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीतकर राजस्थान का नाम गौरवान्वित किया। राजस्थान दल छात्र में रोहित, हेमन्त, करन, विनीत, गौरव, सौरभ सैन, अजय मौर्य, गजेन्द्र, जीतेन्द्र, जालिम सिंह, गौरव रहे जबकि छात्रा वर्ग में गीत चौधरी, मनीषा शर्मा, पूजा, कुंती, कुमकुम, सोनिया, निक्की, वीनू, नंदिनी, कमलेश, भावना, सोनिया ने खिलाडी दल में तथा प्रशिक्षक के रूप में सौरभ, शुभम, दिलीप शर्मा ने शिरकत की। भरतपुर के खिलाडियों के बर्ल्ड मल्लखंभ चैम्पियनशिप यूएसए के लिए चयन होने तथा राजस्थान राज्य मल्लखंभ संघ के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने पर राजस्थान राज्य मल्लखंभ संघ के अध्यक्ष डॉ. शैलेष कौशिक विधायक डीग कुम्हेर, जिलाध्यक्ष जगदीश अजान जिला उपाध्यक्ष भाजपा, सचिव विपिन सिंह मल्लखंभ एकेडमी की गुरू मां अनीता इन्दौलिया, सहित खिलाडियों के अभिभावकों ने खुशी जाहिर करते हुए जीत पर बधाइर्ए एवं शुभकामनाएँ दीं।

## निशुल्क शिविर अयोजित

**करौली** (नि.स.)। डांग विकास संस्थान करौली द्वारा सक्षम परियोजना अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में चिन्हित पात्र परिवारों को योजनाओं से जोड़ने हेतु राजौर में शिविर का आयोजन किया गया। डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि राज्य व केंद्र सरकार द्वारा खान मजदूरों,सिलिकोसिस पीड़ितों,निर्धनो असहाय,वृद्ध व विधवाओं के लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है लेकिन जानकारी के अभाव में ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं डांग विकास संस्थान कि पहल के तहत ग्राम राजौर में संस्था के द्वारा विशेष प्रविधि से निर्धन व असहाय परिवारों का चयन किया गया जिसमें संस्थान द्वारा योजनाओ मे पात्र परिवारों का विश्लेषण कर योजनाओं मे जोड़ने का कार्य किया जा रहा है शिविर मे राजौर, अतेवा, करसाई, खोहरी, मामचारी के चयनित परिवारों के सदस्यों ने भाग लिया। शिविर मे पेंशन ऑनलाइन आवेदन,सिलिकोसिस व वृद्धा विधवा, दिव्यांग पेंशन सत्यापन, पालनहार सत्यापन, ई श्रम कार्ड,सिलिकोसिस जांच पंजिकरण,जन आधार शुद्धिकरण, पीएम विश्वकर्मा योजना छात्रवृत्ति के आवेदन, ई मित्र के माध्यम से 75 लोगों के निशुल्क ऑनलाइन करवाए गए। साथ ही रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के पम्पलेट वितरित कर जानकारी दी गई शिविर में डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा,विक्रम सिंह जाटव, नीतू चतुर्वेदी,रेखा हनोतिया ने पूर्ण सहयोग किया।

# व्याख्यान माला का आयोजन किया गया



कृषि महाविद्यालय भुसावर पर जैसे हम वैसी प्रकृति विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया।

**भुसावर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर जैसे हम वैसी प्रकृति विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित भारत के बडे भूभाग में पर्यावरण प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुॅच गया है।

परिणामस्वरूप दिल्ली व भिवाड़ी में ऑनलाइन पढाई व्यवस्था लागू करके बच्चों को घरों में कैद किया जा रहा है, 50 प्रतिशत कर्मचारियों को वर्क फ्रोम हॉम के तहत घरों में रहने को कहा गया है यानि कोरोना काल जैसी आपातस्थिति लागू कर दी गई है। यह आधुनिक विकास का मॉडल है। मानव ने अपनी बुद्धि बल और विकास से सम्पूर्ण प्रकृति, हवा, पानी, पहाड, वन, नदी, समुद्र आदि पर बलात कब्जा कर लिया हैं।

स्वयं मानव बाजारवाद का शिकार है, मानव मूल्यों पर बाजार और पैसा हावी है। यहॉ सबकुछ बिकाऊ है, यहॉ तक कि मानव मूल्य भी। आज पूंजी व बाजार नियंत्रित विकास की चकाचौंध में हम इतने अंधे हो गए हैं कि हमें सामने खडा अपना ही विनाश दिखाई नहीं दे रहा है। हम वनों को काट रहे है, नदी नालों को गंदा कर रहे है, फसलों में रसायन एवं पेस्टिसाइड का प्रयोग, प्लास्टिक का बढता चलन, औद्योगिकरण, पैट्रोलियम चालित वाहनों की बढती संख्या, कोयला आधारित बिजली, बढता शहरीकरण आदि प्रदूषण के कारक हैं, इन सब प्रदूषण कारकों को रोका जाना चाहिए। मानव द्वारा प्रदूषित की गई हवा, मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रही है। मानवकृत कृत्रिम विकास प्रकृति को रास नहीं आ रहा है। यह विकास प्रकृति का शोषण कर रहा है, बदले में प्रकृति को दे कुछ नहीं रहा है, इससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। डॉ. राहुल कुमार, डॉ विनोद भटेष्वर ,डॉ. प्रवीण हटवाल ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

